हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 2 मार्च 2026

04 तीन ग्राम पंचायतों के किसानों-ग्रामीणों ...



07 एकादशी पर हुई भजन संध्या भक्ति में रमे श्रृद्धालु





## तालाबों की स्थिति चिंताजनक, सीवन नदी सूखी, पानी का दुरुपयोग नहीं रोका तो गर्मी में भुगतने होंगे गंभीर परिणाम

# मार्च शुरू होते ही जवाब देने लगे जलस्त्रोत, दो दिन छोड़कर हो रही शहर में पेयजल सप्लाई

शहर के लगभग 2000 जलस्त्रोतों कुएं, ट्यूबवेल और हैंडपंप को रिचार्ज करने वाली सीवन नदी कई जगहों से पूरी तरह सूख गई है। नदी के सूखने का मुख्य कारण पानी का अंधाधुंध दोहन है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में इस साल गर्मी समय से पहले ही अपने तेवर दिखाने लगी है। अभी फरवरी का महीना खत्म ही हुआ है और शहर में पानी को लेकर संकट खड़े होने लगे हैं। एक तरफ नगर पालिका ने पाइपलाइन से जल सप्लाई का शेड्यूल बदलकर दो दिन छोडक़र कर दिया है तो दूसरी तरफ गिरते भू.जल स्तर ने नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है। यदि समय रहते पानी के दुरुपयोग को नहीं रोका गया तो आने वाले दो-तीन महीनों में स्थिति विस्फोटक हो सकती है।

बता दें शहर के कई वार्डों में हालात इतने खराब हैं कि लोगों का पूरा दिन सिर्फ पानी के इंतजाम में बीत रहा है। विशेषकर दशहरावाला बाग, भगवती कॉलोनी और इंदौर नाका जैसे क्षेत्रों में पाइपलाइन का पानी घरों तक नहीं पहुंच पा रहा है। यहां के नागरिक पूरी तरह हैंडपंप या निजी ट्यूबवेल पर निर्भर हैं, लेकिन वाटर लेवल नीचे जाने से उन्होंने भी जवाब देना शुरू कर दिया है।





### सीवन ने भी छोड़ा साथ

शहर के लगभग 2000 जलस्त्रोतों कुएं, ट्यूबवेल और हैंडपंप को रिचार्ज करने वाली सीवन नदी कई जगहों से पूरी तरह सूख गई है। नदी के सूखने का मुख्य कारण पानी का अंधाधुंध दोहन है। नदी किनारे के किसानों ने मोटरों के जरिए सिंचाई की और ईंट भट्टा संचालकों ने भी पानी का जमकर इस्तेमाल किया। वर्तमान में केवल सीवन घाट के पास ही थोड़ा पानी नजर आ रहा है, जिससे आसपास के जलस्त्रोत दम तोड़ रहे हैं।

**तालाबों और डैम की स्थिति :** नगर पालिका भगवानपुरा, जमोनिया तालाब और काहिरी डैम से पानी फिल्टर कर शहर के 35 वार्डों में सप्लाई करती है। आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति डराने वाली है। जमोनिया तालाब की क्षमता 27 फीट है, जबकि उसमें अब महज 19.3 फीट पानी रह गया है। भगवानपुरा तालाब की 23 फीट, जबकि पानी 14.8 फीट, काहिरी डैम 462.18 मीटर उपलब्ध है।

### सावधान, पानी का दुरुपयोग पड़ेगा भारी

बता दें इस बार पर्याप्त बारिश नहीं हुई, यही वजह है कि शहर की प्यास बुझाने वाले जल स्त्रोत खाली रह गए हैं। अभी ठीक ढंग से गर्मी की शुरुआत भी नहीं हुई और जल स्त्रोतों पर संकट मंडराने लगा है। यदि नागरिकों ने पानी का दुरुपयोग नहीं रोका तो अप्रैल और मई महीने में पीने के पानी के लाले पड़ जाएंगे। पाइप से गाडिय़ा धोना, आंगन सींचना और टोटियां खुली छोडना पूरे शहर के लिए मुसीबत बन सकता है।

### नल कनेक्शन की स्थिति

बता दें शहर की करीब सवा लाख आबादी को पानी पिलाने की जिम्मेदारी नगर पालिका पर है। शहर में कुल 18 हजार 500 नल कनेक्शन और 23 हजार मकान हैं। पहले एक दिन छोडक़र 90 लाख लीटर पानी दिया जाता था, लेकिन अब पानी बचाने के लिए दो दिन का अंतराल कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### ई-उपार्जन पोर्टल पर सरसों का पंजीयन प्रारंभ अंतिम तिथि 20 मार्च

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर 26 फरवरी से सरसों का पंजीयन प्रारंभ हो गया है, जो 20 मार्च तक चलेगा। सरसों का पंजीयन गेहूं, चना, मसूर पंजीयन की तरह ही किया जा रहा है। जिन किसानों ने सरसों की बुवाई की है वे अपना पंजीयन करा सकते हैं। किसान अपना पंजीयन निर्धारित लिंक पर जाकर मोबाइल या कम्प्यूटर के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अलावा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय और सहकारी- विपणन समितियों द्वारा स्थापित सुविधा केन्द्रों, एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्रों, साइबर कैफे आदि पर पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के दौरान भू-स्वामियों के लिये भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं अन्य फोटो पहचान पत्र ले जाना अनिवार्य है। इसी प्रकार सिकमी एवं वन पट्टाधारी किसान वनाधिकारी पट्टाधारी सिकमीदार को आधार कार्ड, आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाइल नम्बर एवं वनपट्टा एवं सिकमी अनुबंध की प्रति ले जाना अनिवार्य है। किसानों से उपार्जित फसल का भुगतान आधार नम्बर से लिंक बैंक खाते में किया जाएगा, इसलिए किसान अपने आधार और बैंक खाते को मोबाइल नम्बर से लिंक कराकर रखें।

### बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर धारा 136 में होगी कार्रवाई



**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि यदि बिजली के मीटर में अनावश्यक छेड़छाड़ पाई जाती है तो ऐसा करने वालों के विरूद्ध धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। कंपनी का कहना है कि किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉल सेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑनलाइन वेबसाइट portal.mpcz.in अथवा उपाय (UPAY) एप या बिजली वितरण केन्द्र/ जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण की पूरी व्यवस्था की गई है। यदि उपभोक्ता शरारती तत्वों के बहकावे में आकर मीटर में तोड़फोड़ या उखाड़कर अन्यत्र स्थापित करने या सर्विस लाइन को नुकसान पहुंचाने का कार्य करते हैं तो उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। इसमें 3 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दंडित करने का प्रावधान है।

### धनगर समाज में मौत पर बर्तन पतासे बांटने की प्रथा बंद

**सीहोर।** होली पर धनगर गडरिया समाज ने सामाजिक सुधार का फैसला लिया। समाज ने मृत्यु के बाद होली पर बर्तन, पतासे, दूसरी सामग्री देने की कुप्रथा पूरी तरह बंद करने की घोषणा की। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत मिलेगी।

समाज के राष्ट्रीय संगठन मंत्री और कार्यालय प्रभारी मधुसूदन धनगर ने बताया कि मालवा क्षेत्र में वर्षों से यह परंपरा चल रही थी। किसी परिवार में मृत्यु होने पर शोकग्रस्त परिवार रिश्तेदारों, समाजजनों को बर्तन, पतासे, दूसरी सामग्री बांटता था। समय के साथ यह परंपरा सामाजिक दबाव बन गई। कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ा। शोक के समय सहानुभूति, सहयोग की जरूरत रहती है। यह प्रथा परिवार को आर्थिक तनाव में डाल देती थी।

इस होली से प्रथा खत्म करेगा समाज उन्होंने कहा कि समाज के कई जागरूक गांवों में यह कुप्रथा पहले ही बंद हो चुकी है। अब निर्णय लिया गया है कि मध्यप्रदेश के सभी जिलों के हर गांव में इस होली से इसे पूरी तरह खत्म किया जाएगा। समाज की बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि मृत्यु के अवसर पर किसी भी तरह की वस्तु वितरण की परंपरा तत्काल प्रभाव से बंद रहेगी। बच्चों की शिक्षा पर होगा खर्च समाज ने आह्वान किया कि इस प्रथा में होने वाला खर्च बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज के विकास कार्यों में लगाया जाए। समाजजनों ने कहा कि शोकग्रस्त परिवार पर आर्थिक बोझ न डाला जाए। नैतिक, भावनात्मक, मानवीय सहयोग दिया जाए, ताकि कोई परेशान न हो।

### हेपेटाइटिस बीमारी से बचाव के लिए वैक्सीन जरूरी

**सीहोर।** हेपेटाइटिस लीवर से जुड़ी बीमारी जो वायरल इंफेक्शन के कारण होती है। इस बीमारी में लीवर में सूजन आ जाती है, हेपेटाइटिस में पांच प्रकार के वायरस होते है जिसमें हेपेटाइटिस ए.बी.सी.डी और ई इन पांचों वायरस को गंभीरता से लेना चाहिये। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि आस-पास साफ-सफाई और हाइजिन प्रोटोकाल का पालन करके इस बीमारी को कमतर किया जा सकता है।

## इनर व्हील क्लब का उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं, समाज में जागरूकता लाना भी है : डिस्ट्रिक चेयरमैन विभा सिंह

**सीहोर।** इनर व्हील क्लब का उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं, समाज में जागरूकता लाना भी है। महिलाओं पर हो रहे मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाना जरूरी है। मातृशक्ति को बढ़ाने के उद्देश्य से महिलाओं के लिए कार्य करना है। उक्त विचार इनर व्हील क्लब के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विभा सिंह ने कहे।



इस संबंध में जानकारी देते हुए इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष नेहा विजयवर्गीय ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विभा सिंह के सम्मान में गरिमामयी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्यों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत करते हुए पुष्पगुच्छ भेंट किया तथा क्लब की सेवा यात्रा की संक्षिप्त जानकारी दी। सचिव सीमा व्यास ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए क्लब द्वारा किए गए विभिन्न सामाजिक एवं सेवा कार्यों का विवरण रखा। अपने उद्बोधन में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन ने क्लब की सक्रियता, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना करते हुए सभी सदस्यों को निरंतर सेवा कार्यों के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय एवं सचिव कपिल अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम मैं दो नए मेंबर भी बनाए गए बबीता सोनकर और डॉक्टर श्रेष्ठता सक्सेना। कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब की समस्त सदस्याओं की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता रही, जिससे कार्यक्रम और अधिक सफल एवं यादगार बना। इस मौके पर इनर व्हील क्लब द्वारा गरीब और जरूरतमंद कन्या को साइकिल भी दी गई। रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने कहाकि महिलाएं अब हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। एक समय साइकिल चलाना भी महिलाओं के लिए बड़ी बात थी, आज वे अंतरिक्ष तक देश का नाम रोशन कर रही हैं। विभा सिंह ने कहाकि जिस आत्मीयता से स्वागत किया, वह भावुक कर देने वाला था। उन्होंने क्लब अध्यक्ष नेहा विजयवर्गीय सहित पूरी टीम की सराहना की।

कहा, कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने संगठन को मजबूती से संभाला और बेहतरीन आयोजन किए। उन्होंने कहाकि हमारे क्लब का मुख्य उद्देश्य महिला के सशक्तीकरण के लिए कार्य करना है।

## जिले में 17 हजार 391 मृदा नमूने संग्रहित, 12 हजार 916 का परीक्षण पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में किसानों को वैज्ञानिक खेती के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मृदा परीक्षण अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा अब तक जिले में 17 हजार 391 मृदा नमूने संग्रहित किए गए हैं, जिनमें से 12 हजार 916 नमूनों का परीक्षण पूर्ण कर लिया गया है।

कृषि अधिकारियों ने बताया कि मृदा परीक्षण के माध्यम से खेतों की मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्वों की स्थिति का आकलन किया जाता है। इससे किसानों को यह जानकारी मिलती है कि उनकी भूमि में किस तत्व की कमी या अधिकता है, जिससे वे संतुलित उर्वरक का उपयोग कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। मृदा स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से किसानों को परीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए हैं कि शेष नमूनों का परीक्षण शीघ्र पूर्ण कर रिपोर्ट किसानों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि आगामी फसल चक्र में किसान वैज्ञानिक सलाह के अनुरूप उर्वरक प्रबंधन कर सकें।

किसानों ने भी मृदा परीक्षण को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे लागत में कमी आती है और उत्पादन में वृद्धि होती है। कृषि विभाग ने अधिक से अधिक किसानों से अपने खेत की मिट्टी का परीक्षण कराने की अपील की है, ताकि जिले में टिकाऊ एवं लाभकारी खेती को बढ़ावा मिल सके।

## जनगणना 2027 के तहत जिले में मकानों का सूचीकरण किया जा रहा

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है। हालांकि प्रथम चरण 01 मई से प्रारंभ होगा, जो 30 मई 2026 तक चलेगा, पर प्रथम चरण का कार्य अभी से ही प्रारंभ कर दिया है, ताकि कार्य को समय से पहले ही पूर्ण किया जा सके। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। द्वितीय चरण फरवरी 2027 में संपन्न होना प्रस्तावित है। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जो भारत की पहली डिजिटल जनगणना होगी। आंकड़ों का संकलन मोबाइल एप के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही नागरिकों को स्वयं अपना डेटा भरने की सुविधा देने के लिए स्व-गणना वेब पोर्टल विकसित किया जा रहा है।



**नागरिक खुद भर सकेंगे स्व-गणना पोर्टल पर जानकारी :** जनगणना 2027 में खास बात यह है कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी। जन गणना प्रक्रिया में नागरिक स्वयं स्व-गणना पोर्टल पर अपनी जानकारी भर सकते हैं। जनगणना के दौरान गणक के घर आने पर उन्हें यह जानकारी देनी होगी तब इस जानकारी को डिजिटल संकलित करेंगे। नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्वयं जानकारी स्व-गणना पोर्टल पर भर सकेंगे।

**जनगणना में ली जाएगी यह जानकारी :** जनगणना अधिकारियों द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान नागरिकों से 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जाएगी। जनगणना अधिकारियों द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान भवन नंबर, जनगणना मकान नंबर, मकान की दीवार, छत और फर्श में प्रयुक्त सामग्री, मकान का उपयोग और स्थिति की जानकारी ली जाएगी। इसके साथ ही परिवार, परिवार में रहने वाले सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, सामाजिक वर्ग (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य) से संबंधित विवरण दर्ज किया जाएगा।

### 19 दिसंबर 2025 से 25 फरवरी 2026 के बीच 66 मामले दर्ज हुए

# अवैध खनन पर विभाग सख्त:66 मामलों में 23 लाख से अधिक की वसूली, कई उपकरण जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में अवैध रेत खनन के खिलाफ खनिज विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसके बावजूद अवैध खनन के मामले सामने आ रहे हैं। 19 दिसंबर 2025 से 25 फरवरी 2026 के बीच विभाग ने 66 मामले दर्ज किए।

इन मामलों में कुल 24 लाख 36 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसमें से करीब 23 लाख 75 हजार रुपये की वसूली हो चुकी है। इस दौरान 53 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 2 डंपर, 7 जेसीबी और अन्य मशीनें जब्त की गईं।



**सैकड़ों वाहन और मशीनें जब्त, संवेदनशील क्षेत्रों में सख्त निगरानी :** खनिज विभाग ने बताया कि जिले में खनिज राजस्व वसूली और अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण को रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 अप्रैल 2025 से 18 दिसंबर 2025 तक अवैध खनिज परिवहन, उत्खनन और भंडारण के 306 मामले दर्ज किए गए थे।

इन मामलों में लगभग 1 करोड़ 27 लाख 18 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया और 1 करोड़ 26 लाख 57 हजार रुपये की वसूली की गई। इस दौरान 218 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 43 डंपर, 6 पोकलेन, 22 जेसीबी, पनडुब्बी, लोडर और अन्य उपकरण जब्त किए गए।

अवैध उत्खनन और परिवहन को पूरी तरह रोकने के लिए राजस्व, पुलिस, खनिज और परिवहन विभाग मिलकर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। संवेदनशील इलाकों में नियमित जांच की जा रही है ताकि खनिज गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

## मार्च की शुरुआत गर्म : फरवरी में लगातार बदला मौसम, बारिश और गर्मी का असर रहा, अब तापमान बढ़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मार्च महीने की शुरुआत तेज गर्मी के साथ हुई है। रविवार सुबह से ही मौसम साफ रहा और तेज धूप निकलने से लोगों को दिन में गर्मी का अहसास हुआ। यह बदलाव फरवरी के अंत में हुई बारिश के बाद देखने को मिला है। फरवरी महीने में मौसम कई बार बदला। पहले सप्ताह में घना कोहरा छाया रहा, दूसरे सप्ताह में ठंड बढ़ी और तीसरे सप्ताह के आखिर में तीन दिनों तक रुक-रुक कर बारिश हुई, जिससे मौसम में बड़ा परिवर्तन आया।

इस समय गेहूं और चने की कटाई का दौर चल रहा है। फरवरी के अंतिम दिनों में हुई बारिश से किसानों को परेशानी हुई, क्योंकि कई जगह कटी हुई फसल भीग गई थी। अब किसान फसलों को धूप में सुखाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि नुकसान कम हो सके।

शासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. ए.एस. तोमर ने बताया कि मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और हवाओं की बदलती दिशा के कारण हो रहा है। उनका अनुमान है कि आने वाले कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रह सकता है। पिछले दिनों में न्यूनतम तापमान लगातार बढ़ा है। 20 फरवरी को 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो 1 मार्च तक बढ़कर 22 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इससे साफ है कि अब ठंड कम हो रही है और गर्मी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है।

### पिछले दिनों का न्यूनतम तापमान

- 20 फरवरी: 12°C
- 21 फरवरी: 11°C
- 22 फरवरी: 14°C
- 23 फरवरी: 16°C
- 24 फरवरी: 18°C
- 25 फरवरी: 18°C
- 26 फरवरी: 17°C
- 27 फरवरी: 20°C
- 28 फरवरी: 19°C
- 1 मार्च: 22°C

**खबर संक्षेप**



### फाग उत्सव में शामिल हुए पूर्व नपा अध्यक्ष राकेश राय

**सीहोर।** मंडी स्थित फ्रीगंज कॉलोनी में सूर्यवंशी समाज द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी परंपरागत फाग उत्सव का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर समाजजनों ने पारंपरिक फाग गायन और रंगोत्सव के माध्यम से होली का उल्लास मनाया। ढोलक, नगाड़े, झांझ-मंजीरे और खंजड़ी की धुन पर बुंदेलखंडी लोकगीत गूंज उठे। पूरे क्षेत्र में रंग, गुलाल और लोकगीतों का उत्सवी माहौल नजर आया। राकेश राय ने उपस्थित लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के आधुनिक दौर में भी सूर्यवंशी समाज अपनी पुरानी और समृद्ध परंपराओं को जीवित रखे हुए है, जो सराहनीय है। हमारी सांस्कृतिक पहचान हमारे त्योहारों और लोक परंपराओं से ही बनी रहती है। सूर्यवंशी अहिरवार समाज द्वारा होली उत्सव पांच दिनों तक मनाया जाता है।

### प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आवेश में आकर आरोपी ने गाय के पिछले हिस्से में किए थे कई वार

# खेत में घुसी गाय पर कुल्हाड़ी से हमला, विहिप व बजरंग दल ने किया प्रदर्शन, एफआईआर दर्ज

घटना की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और स्थानीय बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए। कार्यकर्ताओं ने नर्मदा कॉलोनी से घायल गाय को वाहन में रखकर नारेबाजी करते हुए थाना भैरूंदा पहुंचकर प्रदर्शन किया।





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

नगर की नर्मदा कॉलोनी क्षेत्र में रविवार सुबह एक गाय पर कुल्हाड़ी से किए गए जानलेवा हमले की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। खेत में चारा चरने घुसी गाय पर खेत की रखवाली कर रहे हाली ने ताबड़तोड़ वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता थाने पहुंचकर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करने लगे। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 15, नर्मदा कॉलोनी निवासी शिव गिरी (32) ने थाना भैरूंदा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह करीब 6:30 बजे वे नर्मदा मंदिर से पूजा कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान सोठिया वाले सेठ के खेत, जिसे संजय मालवीय ने बटाई पर लिया है, वहां से एक गाय को रामदेव नामक हाली कुल्हाड़ी लेकर भगा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रामदेव ने आवेश में आकर गाय के पिछले हिस्से पर कई वार कर दिए। हमले में गाय बुरी तरह घायल हो गई और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। बताया गया है कि वार इतना गंभीर था कि उसकी पूंछ का हिस्सा कट गया तथा शरीर पर गहरे घाव बन गए।

शिव गिरी के अनुसार मौके पर गोलू वर्मा और मस्तान सिंह राजपूत भी पहुंच गए थे। तीनों ने आरोपी को वार करते हुए देखा। लोगों को अपनी ओर आते देख आरोपी कुल्हाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। घायल गाय को तुरंत उपचार के लिए राला स्थित गौशाला पहुंचाया गया, जहां पशु चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार कर मेडिकल परीक्षण किया गया। चिकित्सकों के अनुसार गाय की हालत गंभीर लेकिन फिलहाल स्थिर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और स्थानीय बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए। कार्यकर्ताओं ने नर्मदा कॉलोनी से घायल गाय को वाहन में रखकर नारेबाजी करते हुए थाना भैरूंदा पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि गौवंश के प्रति इस प्रकार की क्रूरता किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और प्रशासन को सख्त संदेश देना चाहिए। साथ ही क्षेत्र की सड़को पर घूम रहे पशुओं के प्रबंधन एवं संरक्षण के लिए ठोस व्यवस्था की मांग भी की गई। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि फरियादी के बयान के आधार पर आरोपी रामदेव पिता चम्पालाल गौंड, निवासी माथनी पिपलदा (कन्नोद) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 323 एवं 325 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11(1)(a) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है और शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया है।

## लाड़कुई में उमड़ा भगोरिया का रंग परिधान, लोकगीत और आधुनिकता के संगम से सजा आदिवासी समाज का पारंपरिक मेला



**भैरूंदा।** होली के आगमन से पहले भैरूंदा क्षेत्र में आदिवासी संस्कृति और परंपरा के प्रतीक भगोरिया हाट का उल्लासपूर्ण आगाज ग्राम लाड़कुई में हुआ। रविवार को आयोजित मेले में आदिवासी समाज की बड़ी संख्या पारंपरिक उत्साह के साथ शामिल हुई। रंग-बिरंगे परिधानों, लोकगीतों और मांदल-ढोलक की थाप ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। जैसे-जैसे होली नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे भगोरिया का रंग भी गहराता जा रहा है।

मेले में परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। जहां एक ओर बुजुर्ग पारंपरिक वेशभूषा—धोती, साफा और पारंपरिक आभूषणों में नजर आए, वहीं युवा वर्ग जींस-टी-शर्ट और आधुनिक परिधानों में दिखाई दिया। युवतियों के श्रृंगार और पहनावे में भी शहरी प्रभाव झलकता दिखा। बावजूद इसके, परंपराओं के प्रति सम्मान और सांस्कृतिक पहचान को लेकर सभी में गर्व का भाव स्पष्ट नजर आया। बुजुर्गों के अनुसार भगोरिया केवल मेला नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक अस्मिता का प्रतीक है।

मांदल, ढोलक और झांझ-मंजीरों की थाप पर पारंपरिक नृत्य मेले का प्रमुख आकर्षण रहा। बुजुर्गों और युवाओं ने सामूहिक रूप से नृत्य कर उत्साह प्रकट किया। बदलते दौर में डीजे और बैंड की धुनों ने भी अपनी जगह बनाई है। युवाओं की टोलियां आधुनिक गीतों पर झूमती नजर आईं। पारंपरिक और आधुनिक संगीत का यह मेल भगोरिया की जीवंतता को और भी खास बना गया। स्थानीय बुजुर्गों ने बताया कि पूर्व में फसल कटाई के बाद भगोरिया मनाया जाता था, जिससे ग्रामीण आर्थिक रूप से निश्चिंत होकर मेले में भाग लेते थे। इस वर्ष खेतों में फसल खड़ी होने के कारण कई किसान कामकाज के बीच समय निकालकर पहुंचे। इसके चलते उत्साह का स्वरूप कुछ बदला अवश्य दिखा, पर परंपरा के प्रति आस्था और सहभागिता में कोई कमी नहीं रही। लाड़कुई से प्रारंभ हुआ भगोरिया हाट का सिलसिला होली तक क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जारी रहेगा। चकल्दी, भैंसान, पिपलानी और बसंतपुर सहित अन्य गांवों में भी हाट बाजार के दिन मेले आयोजित होंगे। प्रत्येक स्थान पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियों की तैयारी की जा रही है। मेले में बच्चों और युवाओं के लिए बड़े-बड़े झूले आकर्षण का केंद्र रहे। खाने-पीने की दुकानों पर पारंपरिक व्यंजनों की सुगंध लोगों को लुभाती रही।

आदिवासी परिधान, आभूषण और हस्तनिर्मित वस्तुओं की दुकानें भी सजी रहीं। हाट बाजार में विभिन्न प्रकार की ग्रामीण उपयोगी सामग्री की बिक्री ने मेले को जीवंत बाजार का स्वरूप दे दिया। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। एसडीएम सुधीर कुशवाह, नायब तहसीलदार अनीस कुरैशी, एसडीओपी रोशन कुमार जैन और थाना



प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष पार्किंग की व्यवस्था की गई। मेले के दौरान परिवार से बिछड़े पांच वर्षीय बालक को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सकुशल परिजनों को सौंप दिया। भगोरिया का यह रंगारंग आयोजन एक बार फिर आदिवासी समाज की जीवंत संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा है।

## तीन ग्राम पंचायतों के किसानों-ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

### सड़क निर्माण की मांग तेज, हजारों लोगों को मिलेगी राहत





**भैरुंदा।** नगर से सटे राला, चंद्रगहण और बिजला ग्राम पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों ने वर्षों पुरानी सड़क समस्या को लेकर केंद्रीय कृषिमंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपकर पक्की सड़क निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि तीनों ग्राम पंचायतों से गुजरने वाला पुराना कच्चा मार्ग जर्जर हो चुका है और अब इसे शीघ्र पक्का किया जाना आवश्यक है, ताकि किसानों और आमजन को आवागमन में राहत मिल सके।

शनिवार को केंद्रीय मंत्री के नगर आगमन के दौरान सीहोर मार्ग पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान एवं नगरवासी एकत्रित हुए। उन्होंने सड़क की खराब स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि बरसात के मौसम में मार्ग पर कीचड़ और गड्ढों के कारण आवाजाही लगभग ठप हो जाती है। स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों, मरीजों और किसानों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार वाहन फंस जाने से घंटों जाम की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि इस मार्ग का पक्की सड़क के रूप में निर्माण हो जाता है तो राला, चंद्रगहण और बिजला पंचायत के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में आसानी होगी तथा कृषि उपज को बाजार तक ले जाने में समय और लागत दोनों की बचत होगी। वर्तमान में खराब सड़क के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहनों के संचालन में अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है, जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद पति राजेश पंवार ने बताया कि प्रस्तावित सड़क निर्माण से नगर की यातायात व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। भोपाल मार्ग स्थित ब्रह्मदेव मंदिर से सीधे बिजला-सीहोर मार्ग तक जुड़ने वाला यह संपर्क मार्ग तैयार होने पर वाहन चालकों को वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध होगा। इससे मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और दुर्घटनाओं की आशंका भी घटेगी।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया कि यह मार्ग केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास की आधाररेखा है। सड़क बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और बाजार तक पहुंच सुगम होगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। उन्होंने मांग की कि संबंधित विभाग से शीघ्र सर्वे कराकर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए जाएं। केंद्रीय मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी मांग पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। क्षेत्रवासियों को अब उम्मीद है कि लंबे समय से लंबित यह मांग शीघ्र पूरी होगी और तीनों ग्राम पंचायतों को बेहतर सड़क सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

### करीब 300 विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक लिया भाग

# श्री सत्य सांई प्रौद्योगिकी और चिकित्सा विज्ञान विवि में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री सत्य साई प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, सीहोर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का भव्य शुभारंभ 'विज्ञान में महिलाएँ - विकसित भारत को गति प्रदान करती हुई विषय के साथ किया गया। इस अवसर पर 41वें मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसे विद्यार्थियों ने ऑनलाइन माध्यम से भी देखा। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि शोभा पी चांडक की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. हेमंत शर्मा तथा परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. गीता खूबचंदानी एवं सभी सह-समन्वयकों द्वारा किया गया।

अनुसंधान एवं विकास निदेशक डॉ. मोहित गंगवार ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। मंच संचालन रूचि चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत तीन विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

इसके अतिरिक्त 'भारत की शीर्ष महिला वैज्ञानिकों विषय पर वैज्ञानिक रंगोली एवं पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता, वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शनी तथा लघु वीडियो निर्माण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से लगभग 300 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वक्ताओं ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को भारत में मनाया जाता है। यह दिवस महान भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन द्वारा 28 फरवरी 1928 को रमन प्रभाव की खोज की स्मृति में मनाया जाता है।

इस ऐतिहासिक खोज के लिए उन्हें वर्ष 1930 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। कार्यक्रम का समापन 10 मार्च 2026 को होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## एचपीवी टीकाकरण शुरू, 3 माह चलेगा अभियान, सिंगल डोज



**सीहोर।** बिलकिसगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को 14 से 15 वर्ष की किशोरियों के लिए ह्यूमन पैपीलोमा वायरस एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू हुआ। अस्पताल प्रभारी डॉ. नीरज डागोर ने बताया कि राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अजमेर से की है।

डॉ. डागोर ने कहा कि टीकाकरण का उद्देश्य महिलाओं में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा सर्विक्स कैंसर से बचाव है। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है। वर्ष 2022 के आंकड़ों के अनुसार देश में करीब 79,103 नए मामले सामने आए। 34,805 महिलाओं की मौत हुई। इसी गंभीरता को देखते हुए भारत सरकार ने यह कदम उठाया। डॉ. डागोर ने बताया कि जिले के 10 स्थानों बिलकिसगंज, सीहोर, श्यामपुर, अष्टा, भैरूंदा, लाड़कुई, बुधनी, इछावर, जावर, रेहटी पर टीकाकरण सत्र लगाए गए। अभियान के पहले दिन कुल 23 किशोरियों को टीका लगाया गया।

नेहा को टीका लगाकर की शुरुआत अभियान की शुरुआत ग्राम चैनपुरा की 14 वर्षीय किशोरी नेहा मालवी को टीका लगाकर की गई। उसी दिन उसका जन्मदिन भी था। उसे फूल माला पहनाई गई। मिठाई खिलाई गई। शुभकामनाएं दी गईं। सरपंच प्रतिनिधि राजेश जांगड़े पहुंचे। मंडल उपाध्यक्ष सुशील सोनी रहे। समाजसेवी नरेंद्र विश्वकर्मा भी मौजूद रहे। अन्य ग्रामीणजन भी शामिल हुए।

**हाउसिंग बोर्ड गेट पर लगता है जाम** : सीहोर हाउसिंग बोर्ड रेलवे फाटक पर बार-बार जाम की स्थिति बन रही है। ऐसे में हाउसिंग बोर्ड की ओर आने-जाने वाले लोग खासे परेशान हो रहे हैं। बता दें कि हाउसिंग बोर्ड रेलवे गेट पर आरओबी बनाने वाली कंपनी ने यहां सही तरह से एप्रोच रोड नहीं बनाया है। जिसके कारण खराब रास्ते से वाहनों को निकलना पड़ता है। मिट्टी के लगे ढेर पर वाहनों के पलटने का डर बना रहता है। ऐसे में यहां बार-बार जाम की स्थिति बन जाती है। लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## पूर्व आईएएस के नाम पर नौकरी लगवाने का झांसा


# नौकरी के नाम पर ठगी! आरोपी पर 1 करोड़ से ज्यादा हड़पने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी का सपना दिखाकर करोड़ों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी बंटी पर 1 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अलग-अलग युवाओं से लेने का आरोप है। वह खुद को ऊंचे राजनीतिक और प्रशासनिक संपर्कों वाला बताकर पूर्व आईएएस अधिकारी के नाम का हवाला देता था और मंत्रालय स्तर तक पहुंच होने का दावा करता था।

### 5 से 15 लाख की करता था वसूली

पीड़ित युवाओं के मुताबिक आरोपी उन्हें मंत्रालय और विभागीय अधिकारियों से सीधी सेटिंग का भरोसा दिलाता था। बदले में मोटी रकम लेकर नियुक्ति पत्र दिलाने का वादा करता। कई युवाओं से 5 लाख से लेकर 15 लाख रुपए तक की वसूली किए जाने की बात सामने आ रही है। कुछ मामलों में फर्जी नियुक्ति पत्र और जॉइनिंग से जुड़े दस्तावेज भी दिए गए, जो बाद में जांच में संदिग्ध पाए गए। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार पूछताछ में कई मंत्रालय स्तर के अधिकारियों के नाम सामने आ सकते हैं। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं यह पूरा नेटवर्क संगठित गिरोह के रूप में तो काम नहीं कर रहा था। जिले में इस मामले से हड़कंप मच गया है। बड़ी संख्या में बेरोजगार युवक-युवतियां सामने आने की तैयारी में हैं। यदि सभी पीड़ित सामने आते हैं तो ठगी की रकम और बढ़ सकती है। पुलिस बैंक खातों, कॉल डिटेल और दस्तावेजों की गहन जांच में जुटी है।






### ऐसे देता था नौकरी का झांसा

खुद को बड़े अधिकारियों का करीबी बताता था पूर्व आईएएस के नाम का लेता था सहारा मंत्रालय में सीधी पहुंच का करता था दावा।

**पुलिस जांच के घेरे में ये बिंदु**

- बैंक ट्रांजेक्शन और खातों की जांच
- कॉल रिकॉर्ड और चैटिंग की पड़ताल
- क्या किसी अधिकारी की मिलीभगत?
- और कितने बेरोजगार बने शिकार?

लाखों रुपये लेकर देता था फर्जी आश्वासन कुछ युवाओं को थमाए गए संदिग्ध नियुक्ति पत्र यह भी जांच का विषय हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में ठगी की पुष्टि के संकेत मिले हैं। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। वहीं पीड़ितों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और राशि वापस दिलाने की मांग की है।

**इनका कहना है...**

हम जल्दी ही आरोपी से पूछताछ कर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

मंजु मखानिया, टीआई राजगढ़

# पांच माह तक चला 21 सुंदरकांड पाठ जामनेर-शुजालपुर क्षेत्र में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर



ग्राम जामनेर में विजयादशमी के अवसर पर लिया गया 21 सुंदरकांड पाठ का संकल्प 28 फरवरी की रात्रि को पूर्ण हुआ। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार का पांच माह तक निरंतर चलने वाला संगठित आयोजन जामनेर ही नहीं, बल्कि शुजालपुर क्षेत्र के इतिहास में भी पहली बार संपन्न हुआ है। ग्राम निवासी एडवोकेट अमित मालवीय द्वारा प्रति शनिवार एवं मंगलवार ग्राम के विभिन्न मंदिरों में सुंदरकांड पाठ कराने का संकल्प लिया था। पांच माह तक चले इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र में भक्ति, अनुशासन एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया।

अंतिम एवं मुख्य आयोजन मां महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ, जहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जय सीताराम सुंदरकांड मंडली द्वारा सस्वर पाठ किया गया तथा संचालन छगनलाल धाकड़ (खेड़ा) व मनोहर विश्वकर्मा ने किया। भजन संध्या में भजन गायक कवि हुकमसिंह गुर्जर ने भगवान श्रीराम एवं भगवान देवनारायण के भजनों की प्रस्तुति दी। सहयोगी भजन गायक हरीश सोनी, गुलाब धाकड़, मनोहर धाकड़ (खेड़ी), मनोहर विश्वकर्मा, ओमप्रकाश पाटीदार एवं टोकखुर्द से आए सुनील बोडाना ने भी भक्तिमय वातावरण निर्मित किया।

कार्यक्रम में राज्य अभिभाषक संघ कैंपस चेयरमैन हाईकोर्ट जबलपुर राजेश व्यास, अखिल भारतीय अधिवक्ता मंच प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सक्सेना, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रचना नीरज जैन, काला पीपल जनपद पंचायत अध्यक्ष भोजराज परमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सागरसिंह परमार, पूर्व मार्केटिंग प्रबंधक एवं कांग्रेस नेता अचल सिंह मेवाड़ा, अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण समिति अध्यक्ष सुरेश मालवीय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तहसील कार्यवाहक हरिओम मेवाड़ा, बजरंग दल नगर कार्यवाहक सुनील मालवीय, श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना, जिला सचिव श्रमजीवी पत्रकार संघ दीपक सक्सेना, ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत मिश्रा, ब्लॉक महासचिव संतोष राजपूत, अभिभाषक शुजालपुर पुस्तकालय अध्यक्ष मांगीलाल परिहार, माखनसिंह दरबार एडवोकेट, गोविंदसिंह परमार एडवोकेट, एडवोकेट शैलेन्द्र शर्मा, ओमप्रकाश जोशी एडवोकेट, एडवोकेट राजेंद्रसिंह परमार, प्रशांत तिवारी एडवोकेट, माया अहिरवार एडवोकेट, लखन गोडीया एडवोकेट, पंचायत सचिव महेश शर्मा, युवा भाजपा नेता विशाल राजपूत, शिक्षक हरबानसिंह, शिक्षक धर्मसिंह मालवीय सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने संकल्प कर्ता एडवोकेट अमित मालवीय की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पांच माह तक सतत 21 सुंदरकांड का आयोजन कर उसे पूर्णाहुति तक पहुंचाना सराहनीय एवं प्रेरणादायी कार्य है। वक्ताओं ने संकल्प सहयोगियों के समर्पण, सहयोग भावना और संगठनात्मक क्षमता की भी प्रशंसा करते हुए इसे क्षेत्र में धार्मिक जागरण की नई शुरुआत बताया। रात्रि 10 बजे से महाप्रसादी का आयोजन किया गया। भोजन व्यवस्था मां महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा की गई। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण धाकड़, सचिव जयंत सक्सेना, पिंटू गोयल, घनश्याम सोनी, सुनील गोयल एवं समस्त सदस्यों का सहयोग रहा।

## उड़न दस्ता प्रभारी की कार्रवाई लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली जब्त



**कुरावर।** उड़न दस्ता प्रभारी डीके भिलाला के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए लकड़ी से भरे एक ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी अंसार पिता शाफिक खा (30) गांव ललोती का रहने वाला है, जिसे कुरावर में लकड़ी से भरे ट्रैक्टर-ट्राली के साथ पकड़ा गया। आरोपी के पास लकड़ी के कोई वैध कागजात नहीं मिले, जिसके बाद वन अमले ने मौके पर पंचनामा जप्तीनमा तैयार कर ट्रैक्टर-ट्राली और लकड़ी को अपने कब्जे में ले लिया। यह कार्रवाई वन मंडल अधिकारी वेणीप्रसाद दौतानिया और उपवनअधिकारी दिनेश यादव के निर्देश पर की गई। इस कार्रवाई में वन क्षेत्रफल जीपी अरमा, वन क्षेत्रपाल रणजीत गुर्जर, वनपल महेश, वाहन चालक सुमेर सिंह गुर्जर और जितेन्द्र सिंह तंवर, चैकीदार बनेसिंह आदि शामिल थे।

### कई स्थानों पर दी दबिश

## अवैध मदिरा के खिलाफ अभियान में 6 प्रकरण दर्ज, 27 लीटर शराब जब्त की



**सारंगपुर।** जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए कई स्थानों पर दबिश दी। यह कार्रवाई कलेक्टर राजगढ़ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल के मार्गदर्शन में की गई। सारंगपुर वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे के नेतृत्व में टीम द्वारा होटल, ढाबों एवं अन्य संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) एवं 36(1) के तहत कुल 6 प्रकरण कायम किए गए। कार्यवाही में 7 लीटर देशी मदिरा, 2 लीटर बीयर तथा 18 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई। जब्त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य 7,232 आंका गया है। इस अभियान में परीविक्षाधीन आबकारी आरक्षक इमरान खान एवं शिवम पचाई ने मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान दिया। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध ऐसी कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।


### हिंदू उत्सव समिति कुरावर की बैठक संपन्न, होली उत्सव की तैयारियों पर चर्चा

**कुरावर।** हिंदू उत्सव समिति कुरावर की बैठक शनिवार को अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज धर्मशाला कुरावर में आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्यौहार होली उत्सव और रंग पंचमी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि 2 मार्च की रात्रि को होलिका दहन किया जाएगा, जबकि 3 मार्च को चंद्र ग्रहण के कारण होली का त्यौहार नहीं मनाया जाएगा। 4 मार्च को गैर और होली उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समिति ने निर्णय लिया है कि होली उत्सव में केवल केसरिया, गुलाबी रंग और गुलाल का ही प्रयोग किया जाएगा, जबकि हरा, काला जैसे रंगों का प्रयोग वर्जित रहेगा।रंग पंचमी पर एक विशाल जुलूस निकाला जाएगा, जो कुरावर गांव से खेड़ापति हनुमान मंदिर तक चल समारोह के रूप में निकाला जाएगा। जुलूस में डीजे प्रतिबंधित रहेगा। समिति ने अपने सदस्यों से प्रति वर्ष 2100 का शुल्क जमा करने का आग्रह किया है, जिससे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सके।

# कानफोड़ू डीजे किया जब्त संचालक पर एफआईआर

### प्रतिबंधात्मक आदेश की अवहेलना पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



बोर्ड सहित अन्य परीक्षाओं के मद्धेनजर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश मिश्रा ने विगत दिनों आदेश जारी करते हुए डीजे व अन्य स्पीकर आदि बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया हुआ है। विशेष परिस्थिति में अनुमति लेकर ही स्पीकर बजाए जा सकते हैं। कलेक्टर के आदेश के बावजूद अत्यधिक तेज साउन्ड व बूफर के साथ डीजे बजाने पर राजगढ़ में कार्यवाही हुई है। कोतवाली पुलिस ने डीजे जब्त करते हुए डीजे संचालक पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात्रि पुरा मोहल्ले में संतोषी माता मंदिर के समीप रात्रि करीब 8.30 बजे एक डीजे अत्यधिक तेज आवाज में बजाया जा रहा था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने डीजे संचालक लोकेंद्र पिता रमेश मेवाड़े निवासी ग्राम पाटनकलां से इस संबंध में अनुमति के कागजात मांगे लेकिन वो कोई पेपर प्रस्तुत नहीं कर पाया। ऐसे में पुलिस टीम ने डीजे जब्ती में लेते हुए संचालक लोकेंद्र पर बीएनएस की धारा 223(ए) एवं 7/15 कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विवचेना में लिया है।

# पुलिस थाना छापीहेड़ा में शांति समिति बैठक संपन्न

### होली व रंग पंचमी त्योहार को लेकर मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला



**छापीहेड़ा।** आगामी होली एवं रंग पंचमी त्योहार के चलते शांति समिति मीटिंग छापीहेड़ा थाना परिसर में रखी। इस मीटिंग में कई बिंदुओं पर चर्चाओं को विस्तार पूर्वक जाना। त्योहारों के पर्व पर शांति सद्भावनाएं बनाएं रखने के लिए अपील टीआई मीणा ने की तथा नगर के विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहेंगे शांति समिति की बैठक में रमजान के महीने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा तथा सार्थक कार्यों को प्रेम भाव से गति दें। बैठक में थाना छापीहेड़ा टीआई हुकुम सिंह मीणा सब इंस्पेक्टर काशीराम मीणा तथा नपा अधिकारी श्री राम नागर नगर के समस्त पत्रकार एवं मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल रजक बंटी भामी अमित झंझावात समाज सेवी मुकेश चैधरी राजेश टॉक शहिद भाई दीपक पुरोहित हजारीलाल वर्मा नगर के गणमान्य नागरिक एवं सनातन धर्म के वरिष्ठ जन इस बैठक में उपस्थित थे।

### शांति समिति की बैठक आयोजित

**खुजनेर।** आगामी होलिका दहन एवं रंगपंचमी सहित अन्य त्योहारों को लेकर थाना परिसर खुजनेर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ नगर के जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में नायब तहसीलदार ऋषभ परतेति, टीआई रवि ठाकुर जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे। अधिकारियों ने सभी से अपील कि त्योहारों को आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ मनाया जाए। टीआई रवि ठाकुर ने कहा कि त्योहारों के दौरान हुड़दंग मचाने, कानून व्यवस्था भंग करने या माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अफवाहों से दूर रहने और आमजनों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।



### विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**सारंगपुर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत वैज्ञानिक आविष्कार और नवाचार विषय पर व्याख्यान एवं विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ममता खोईया ने की। उन्होंने वैज्ञानिकों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर नवाचार और शोध के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विमल लोदवाल ने किया तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के नोडल अधिकारी के रूप में विज्ञान विषय के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

# महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य व छात्र कल्याण कार्यक्रम आयोजित



**जीरापुर।** शासकीय महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार में आत्महत्या रोकथाम पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं चेतावनी संकेतों की पहचान विषय पर रसायनशास्त्र विभाग द्वारा यह आयोजन किया। जहां पर अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा ने करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है तथा इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच एवं जीवन के प्रति आशावादी दृष्टिकोण विकसित करते हैं। जिसमें कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं आत्महत्या से जुड़े संभावित चेतावनी संकेतों की पहचान हेतु प्रशिक्षित करना था।कार्यक्रम समन्वयक पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, कार्यक्रम प्रभारी भुवनेश कुमार गुप्ता, कनीज अंसारी ने विद्यार्थियों को अवसाद, सामाजिक अलगाव, व्यवहार में अचानक परिवर्तन, निराशा की भावना तथा आत्मघाती विचार जैसे संकेतों को समय रहते पहचानने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही सकारात्मक सोच, जीवन कौशल विकास, प्रभावी संवाद तथा आवश्यकता पड़ने पर परामर्श एवं सहायता प्राप्त करने के उपायों की जानकारी प्रदान की।

## एकादशी पर हुई भजन संध्या भक्ति में रमे श्रृद्धालु

### बिरजीपुरा हनुमान मंदिर पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



**राजगढ़।** फाल्गुनी एकादशी के अवसर पर शुक्रवार रात्रि स्थानीय बिरजीपुरा स्थित बड़े हनुमान मंदिर पर एक भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसके साथ ही भगवान को 56 भोग की प्रसादी भी अर्पित की गई। मंदिर में पूजा-अर्चना उपरान्त स्थानीय कलाकारों द्वारा भक्तिरस से सरोबार सुमधुर प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामधुन लगी भक्ति संस्थान के कलाकारों द्वारा जीमो जी जीमो, भोग लगाओ 56 भोग त्यार जी जैसी प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके पूर्व राजगढ़ के स्थानीय कलाकार हर्षित मेवाड़े द्वारा खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। गुलाब एवं विभिन्न फूलों से सजे दरबार में बाबा को बागा पहनाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया। देर रात तक चली भजन संख्या में अनेकों श्रृद्धालु उपस्थित रहे। महाआरती उपरान्त सभी को छप्पन भोग की प्रसादी वितरित की गई।

### भैंसवामाता धाम पर लगेगा 2 दिवसीय राजगढ़ होली मेला



**राजगढ़।** रंगों के पर्व में आत्मनिर्भरता एवं स्वावलंबन का भाव समाहित करने मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में सारंगपुर क्षेत्र स्थित भैंसवामाता धाम परिसर में दो दिवसीय राजगढ़ होली मेले का आयोजन किया जा रहा है। मिशन के अधिकारियों ने बताया कि 1 एवं 2 मार्च को लगने वाले इस मेले में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा स्वयं के द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उक्त मेले के लिए समूह की महिलाओं द्वारा गाय माता के गोबर से निर्मित कई सामान बनाए जा रहे हैं। इसका प्रमुख उद्धेश्य होली पर्व में गोबर की महत्ता को प्रतिपादित करना है।

### भाजपा की जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में बोले प्रमुख वक्ता

# भाजपा परिवारवाद से ग्रसित नहीं बल्कि कार्यकर्ता आधारित पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़






भाजपा ही ऐसी राजनैतिक पार्टी है जो प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं का निर्माण कर उन्हें कुशल नेतृत्वकर्ता बनाती है। भाजपा जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जबकि अन्य दल परिवारवाद से ग्रसित हैं। उक्त बात शनिवार को होटल संस्कृति में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के प्रशिक्षण महाअभियान को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एवं संभागीय प्रशिक्षण प्रभारी पंकज जोशी ने कही। उन्होंने आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल युग में कार्यकर्ताओं को तकनीकी ज्ञान होना अनिवार्य है। पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ता के व्यक्तित्व निर्माण की एक निरंतर प्रक्रिया है। विचारों की मजबूती के लिए प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण की धुरी अनुशासन और आत्मानुशासन है, जिसका प्रत्येक कार्यकर्ता को पालन करना चाहिए। कार्यकर्ताओं के समर्पण ने ही भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी और अजेय पार्टी बनाया है।

### समाज का निर्माण करती है भाजपा

प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए संभाग प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने पंच परिवर्तन विषय पर बोलते हुए कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि समाज निर्माण का संगठन है। उन्होंने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, नागरिक अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विचार रखे। जिला प्रशिक्षण प्रभारी जगदीश पवार ने पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण के उद्देश्य, स्तर, विषय, समय-सीमा और संगठनात्मक योजना की तकनीकी जानकारी प्रदान की।

जिला संगठन प्रभारी धुरव नारायण सिंह ने कार्यशाला में कार्यकर्ताओं के निर्माण में प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया और सभी से प्रत्येक सत्र को आत्मसात करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में सांसद रोडमल नागर, राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, विधायक मोहन शर्मा, हजारीलाल दांगी अमर सिंह यादव, प्रशिक्षण सह-संयोजक मनोज हाड़ा ने निर्धारित विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, बद्रीलाल यादव, पुरसिंह पंवार, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अंशुल तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मोना सुस्तानी, दीपेंद्र सिंह चैहान, दिलबर यादव, केदार काका, ममता इंदौरिया, आनंद त्रिपाठी, जगदीश दास आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## चौरसिया को मिला बेस्ट एनजीओ ऑफ द ईयर का अवॉर्ड



**सीहोर।** राजधानी दिल्ली के होटल सम्राट में आयोजित एक विशेष समारोह में सीहोर के शुभम चौरसिया और उनके संगठन एक सखा ऑर्गेनाइजेशन को ग्रो इंडिया बेस्ट आर्गेनाइजेशन ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ग्लोबल अचीवर्स काउंसिल द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है। एक छोटे से शहर सीहोर से शुरू हुए इस ऑर्गेनाइजेशन ने पिछले 8 वर्षों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। शुभम चौरसिया ने बताया कि वर्तमान में उनके ऑर्गेनाइजेशन के सेवा कार्य मध्य प्रदेश, चेन्नई और राजस्थान जैसे कई राज्यों में चल रहे हैं। आज 1200 से अधिक ऑर्गेनाइजेशन 'एक सखा' के साथ जुड़कर समाज सुधार की दिशा में काम कर रहे हैं। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद शुभम चौरसिया ने कहा कि यह सम्मान मेरे एनजीओ के सभी सदस्यों की मेहनत का परिणाम है। हमारा लक्ष्य हमेशा से युवाओं को सही दिशा दिखाना और समाज के लिए कुछ बेहतर करना रहा है। यह अवॉर्ड हमें भविष्य में और अधिक ऊर्जा के साथ काम करने की प्रेरणा देगा। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर सीहोर शहर और समाज सेवा से जुड़े लोगों में खुशी की लहर है।

### जांच दल ने खाता धारकों से मांगा बैंक खातों का स्टेटमेंट

# आयुष्मान घोटाला: जिन खातों में ट्रांसफर हुई राशि, उन खाता धारकों को किया तलब

**स्टोर इंचार्ज,आयुष्मान मित्र ने धोखाधड़ी से अपनी पत्नी सहित रिश्तेदारों के खातों में डाली थी 46 लाख से अधिक की राशि।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




सिविल अस्पताल आष्टा में आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि ( इनसेंटिव) में हुए 46 लाख रुपए के घोटाले के मामले में अब जांच दल ने उन सभी बैंक खाता धारकों को नोटिस थमा कर तलब किया है ऐसे में इन सभी खाता धारकों से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गठित 6 सदस्यीय जांच दल ने बैंक स्टेटमेंट (खाता विवरण) लिखित में उपलब्ध कराने का नोटिस जारी किया है गौरतलब है कि सिविल अस्पताल के फार्मासिस्ट स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार और आयुष्मान मित्र जगदीश मेवाड़ा ने तत्कालीन लेखापाल और अन्य अधिकारियों की मिलीभगत से 46 लाख रुपए से अधिक की प्रोत्साहन राशि को अपनी पत्नी सहित करीबी रिश्तेदारों के खातों में धोखाधड़ी से ट्रांसफर कर इस घोटाले को अंजाम दिया था। लिहाजा आयुष्मान भारत नीरामयम विभाग के आदेश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया के द्वारा गठित 6 सदस्यीय जांच टीम पूरे घोटाले की जांच कर रही है। दरअसल यह पूरा मामला वर्ष 2017-18 से लेकर वर्ष 2023 तक का है लेकिन अब यह घोटाला उजागर हो गया है और जिसमें कई कर्मचारियों और अधिकारियों के शामिल होने की संभावना है

### बैंक स्टेटमेंट के साथ किया तलब, प्रमोद परमार सहित डॉक्टर भी शामिल

आयुष्मान विभाग के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया द्वारा गठित 6 सदस्यीय जांच टीम को लीड कर रहे जांच कर्ता सिविल सर्जन डॉक्टर उमेश श्रीवास्तव ने उन सभी खाता धारकों को नोटिस देकर तलब किया है जिनके खातों में पात्र लाभार्थियों की जगह अपात्र व्यक्तियों के बैंक खातों में 46 लाख रुपए से अधिक की आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन को ट्रांसफर कर डाला है। लिहाजा इन सभी अपात्र खाता धारकों को 6 मार्च को 11 बजे उपस्थित होकर बैंक खातों का स्टेटमेंट उपलब्ध कराने के आदेश पत्र जारी किए गए हैं जिन्हें जांच दल द्वारा नोटिस देकर तलब किया गया है उनमें मुख्य रूप से स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार, तत्कालीन आयुष्मान मित्र जगदीश मेवाड़ा, दीक्षा परमार, कांता परमार, बबीता परमार,स्मिता सोलंकी,सागर मेवाड़ा सहित सीहोर के संजीवनी क्लिनिक में पदस्थ डॉक्टर शुभम परमार भी शामिल है।

### पात्र लाभार्थियों की बजाय पत्नी सहित इन रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर की राशि

सिविल अस्पताल में पदस्थ फार्मासिस्ट स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार ने धोखाधड़ी कर आयुष्मान योजना के इनसेंटिव को पात्र लाभार्थियों की बजाय अपात्र अपनी पत्नी दीक्षा परमार सहित अपने करीबी रिश्तेदार कांता परमार , शुभम परमार, बबीता परमार के बैंक खातों में डाल दी और यह राशि 27 लाख रुपए से अधिक की है वही एक और मुख्य आरोपी जगदीश मेवाड़ा ने भी आयुष्मान योजना इनसेंटिव को अपने खातों में ट्रांसफर कर डाला है जिसमें 18 लाख रुपए से ज्यादा की राशि शामिल है जगदीश मेवाड़ा ने अलग अलग बैंक खातों में इन राशियों को ट्रांसफर किया है और 440 पेज की ट्रांजेक्शन लिस्ट में सीधे सीधे पूरी कहानी स्पष्ट रूप से बया कर रहा है

**स्टेटमेंट उपलब्ध कराने दिए नोटिस**

पात्र लाभार्थियों की जगह जिन अपात्र व्यक्तियों के खातों में आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि स्थांतरित हुई है, उन सभी खाता धारकों को बैंक खातों की पास बुक स्टेटमेंट के साथ 6 मार्च तक उपलब्ध कराने का नोटिस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया द्वारा गठित जांच टीम द्वारा जारी किए गए हैं।

**अमित माथुर,** बीएमओ आष्टा

## ठेकेदार और मंडी अधिकारी की मिली भगत से घटिया निर्माण को लेकर दुकानदारों ने किया विरोध

**रेत की जगह डस्ट मिलाने का आरोप**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

ग्राम सिद्धि गंज में उपज मंडी में दुकान निर्माण का कार्य किया जा रहा है जिसमें एजेंसी द्वारा घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसको लेकर ग्रामीण दुकानदारों ने विरोध किया। दुकानदार राजेंद्र धरवा, आयुष धरवा, गौरव मुंदड़ा ने बताया कि जब जब दुकान की नीलामी की गई थी और जब हम व्यापारियों द्वारा दुकान ली गई थी तब मंडी सचिव व अधिकारियों को यह बात बताई गई थी कि दुकान का निर्माण कार्य होगा तो उच्च क्वालिटी की दुकान बनाकर देना होगा। लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा उच्च क्वालिटी की दुकान निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा। वही निर्माण एजेंसी द्वारा रेत की जगह डस्ट का प्रयोग ज्यादा किया जा रहा है। जिस कारण दुकान अधिक समय तक नहीं चल पाएगी।

वही ग्राम के दुकान लेने वाले ग्रामीण राजेंद्र धरवा, हर्षित धरवा, आयुष धरवा, पंकज ठाकुर, लोकेंद्र बिजवा, ज्ञान सिंह ठाकुर, जयदीप ठाकुर, गौरव मुंदडा आदि दुकानदारों द्वारा बताया गया कि हम सभी दुकानदरों ने करीब 6 माह पहले मंडी की दुकान की नीलामी की गई थी। जिसमें मंडी परिसर में 12 दुकान बन रही है जिसमें हम सभी लोगों द्वारा लगभग 10 लाख से लेकर 12 लख रुपए तक नीलामी में दुकान खरीदी थी। हम सभी दुकानदारों द्वारा यह बात रखी गई थी की दुकान निर्माण कार्य के समय दुकान में उच्च क्वालिटी का निर्माण कार्य किया जाना चाहिए। हम सभी दुकानदार इतनी महंगी दुकान खरीद रहे हैं तो हमें उच्च क्वालिटी की दुकान बनाकर देना होगा। लेकिन मंडी विभाग व ठेकेदार की मिलीभगत के कारण निर्माण कार्य में घटिया कार्य किया जा रहा है।

जिसके कारण सभी मंडी दुकानदारों द्वारा विरोध किया गया और काम को रुकवाया गया। सभी दुकानदार मंडी सचिव से शिकायत भी कर चुके हैं, लेकिन फिर भी लगातार निर्माण कार्य जारी है। दुकानदारों ने बताया कि यदि निर्माण एजेंसी द्वारा उच्च क्वालिटी का कार्य नहीं किया गया तो हम इसकी शिकायत आगे करेंगे। निर्माण एजेंसी द्वारा घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिस कारण दुकानदार परेशान हो रहे हैं, क्योंकि दुकानदारों द्वारा बड़ी रकम देकर दुकान खरीदी और उन लोगों को उच्च क्वालिटी की दुकान नहीं मिल पाएगी तो जिसका जिम्मेदार कौन रहेगा। निर्माण एजेंसी घटिया निर्माण कार्य कर रही है। ग्रामीणों को इसका हम दुकानदारों को इसका खामियाजा वर्ष भर तक उठाना पड़ेगा। इस कारण दुकानदारों ने मंडी में हो रहे घटिया निर्माण कार्य का विरोध किया और उच्च क्वालिटी की दुकान बनाने की मांग की।

**जल्द दिखवाता हूं**

मुझे इसकी जानकारी नहीं है, मैं जल्द ही दिखवाता हु और यदि निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन किया जा रहा है तो निर्देश दिए जाएंगे की उच्च क्वालिटी का निर्माण कार्य किया जाए।

**नितिन टाले,** एसडीएम

## तीन दिवसीय चौपाल महोत्सव के समापन पर किया प्रतिभागियों और उन्नत अन्नदाताओं को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




27 फरवरी से एक मार्च तक इंदौर भोपाल मार्ग पर स्थित सोया चौपाल पर तीन दिवसीय चौपाल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा था। रविवार को कार्यक्रम का समापन रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ किया गया। पहले दिन जिले भर से आए किसानों को उन्नत खेती और आधुनिक संसाधनों के बारे में विशेषज्ञों ने जानकारी दी। दूसरे दिन किसानों को उन्नत खेती के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई अंतिम दिन रविवार को आयोजित हुई किसान संगोष्ठी में किसानों का मार्गदर्शन किया गया। जिसमें आईटीसी मार्स के मैनेजर विक्रम सिओरान ने एफपीओ के लिए आईटीसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही एफपीओ का व्यापार बढ़ाने में महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। इसके बाद आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा सलाद बनाओ प्रतियोगिता, रंगोली, टेस्टी फूड, डांस जैसी कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक ब्रांच मैनेजर प्रमोद मालवीय, इंचार्ज राजीव बिसेन ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के साथ उन्नत किसानों का सम्मान किया। इस दौरान विजय भावसार, संकेत दुबे, रजनीश वर्मा, राजेश सोनी, जयप्रकाश जावरेकर, इमरान, खान, वंदना मेडम सहित जिले के कई किसान उपस्थित थे।

### दुपाड़िया दांगी काकड़ रोड का निर्माण शुरू

**सीहोर ।** क्षेत्र के विकास और जन-समस्याओं के समाधान हेतु समर्पित रानी दुर्गावती सेना के संस्थापक एडवोकेट कुंवर सुमित नरे के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण जनहित कार्य सफल हुआ है। पिछले 3 वर्षों से अधूरी पड़ी दुपाडिय़ा दांगी काकड़ रोड' का निर्माण कार्य, कुंवर साहब के प्रयासों और प्रशासन के सकारात्मक सहयोग से मात्र 24 घंटे के भीतर पुनः प्रारंभ हो गया है। यह मार्ग पिछले 3 वर्षों से जर्जर अवस्था में था, जिससे ग्रामीणों को अस्पताल ले जाने और बच्चों को स्कूल भेजने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। एडवोकेट कुंवर सुमित नरे ने इस समस्या को अपनी प्राथमिकता में लिया और जिला कलेक्टर महोदय से भेंट कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। ग्रामीणों का कहना है अगले ही दिन मौके पर मशीनों के साथ काम शुरू हो गया।

## सेंधव क्षत्रिय राजपूत समाज ने सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी और सदस्यों का किया स्वागत व सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




सेंधव क्षत्रिय राजपूत समाज तहसील समिति जावर द्वारा समाज के सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी और केंद्र कमेटी सदस्यों का सम्मान समारोह और समाज जन व अधिकारी कर्मचारी मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि गोपाल सिंह इंजीनियर क्षेत्रीय विधायक रहे अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने की विशिष्ट अतिथि बाबा लाखान देव जावर मांगीलाल पडियार, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेद, उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, डॉक्टर राहुल सिंह राष्ट्रीय सचिव रहे और केंद्रीय कमेटी के सदस्य रहे कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भगवान श्री राम के समक्ष माल्यार्पण कर दीप प्रवजलित कर शुरुआत की गई। पश्चात तहसील समिति जावर के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सरपंच (राजा ठाकुर),सचिव राजपाल सिंह एडवोकेट और कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह द्वारा अतिथियों का साफा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत वंदन किया गया। उपस्थित अतिथियों ओर समाज जन ने अपनी अपनी बात रखी। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने छात्रावास में निर्माण के लिए 16 लाख की घोषणा की साथ ही शौचालय निर्माण के लिए 5 लाख की घोषणा की। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेद और उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान द्वारा 5 लाख के पेपर ब्लॉक स्वागत गेट निर्माण और गेट से अंदर तक सीसी रोड निर्माण की घोषणा करी समाज के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान द्वारा अपनी बात रखी और कहा कि जहां मेरी आवश्यकता रहेगी। वहां में हमेशा तत्पर रहूंगा विधायक गोपाल सिंह ने समाज में पूर्ण सहयोग करने की घोषणा की चाहे वह व्यक्तिगत हो या सामाजिक हो कार्यक्रम में समाज जन ने भी निर्माण के लिए राशी की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन जीवन सिंह अध्यापक व्दारा किया गया और आभार गोपाल सिंह भवरी मीडिया प्रभारी केंद्र कमिटी व्दारा किया गया।

## बाबा रामदेव मंदिर में महिलाओं ने फागउत्सव मनाया, जमकर खेली फूल व गुलाल से होली





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सांई कॉलोनी स्थित बाबा रामदेव मंदिर में रविवार को महिला मंडल ने फाग उत्सव मनाया। महिलाओं ने रंग, गुलाल और फूलों की होली खेली। फाग उत्सव में कई महिला मंडलों के ग्रुपों ने जमकर होली और फाग के गीत गाए। गीतों पर जमकर नृत्य किया। बाबा रामदेव मंदिर परिसर महिलाओं से खचाखच भरा रहा। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे पर फूल बरसाए और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बाबा रामदेव मंदिर महिला मंडल के नेतृत्व में मंदिर समिति की ओर से सभी महिलाओं का स्वागत और सत्कार किया गया और स्वल्पाहार भी किया गया।

### फाल्गुनी तेरस पर निकली शाश्वत श्री शत्रुंजय गिरिराज की भाव यात्रा में उमड़े समाजजन

# जिनदत्त धाम से शुरू हुई यात्रा, किला मंदिर पर समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



फाल्गुन सुदी तेरस के पावन अवसर पर रविवार को नगर में शाश्वत श्री शत्रुंजय गिरिराज की भव्य भाव यात्रा श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में निकाली गई। भाव यात्रा का शुभारंभ आचार्य भगवंत श्रीमद विजय हर्ष तिलक सूरीश्वरजी महाराज आदि ठाणा 3 के पावन सानिध्य में हुआ। साध्वी वर्या पदमता श्रीजी महाराज साहब की पावन प्रेरणा से यह यात्रा हुई। बड़ी संख्या में समाज के श्रावक-श्राविकाएं उत्साहपूर्वक शामिल हुए। उक्त भाव यात्रा नगर के कन्नौद रोड स्थित श्री सीमंधर जिनदत्त धाम दादावाड़ी से प्रारंभ होकर किला मंदिर पर हुआ समापन।भाव यात्रा का शुभारंभ दादावाड़ी तलेटी में चैत्यवंदन से हुआ। इसके पश्चात श्री महावीर भवन स्थानक में श्री शांतिनाथजी का चैत्यवंदन किया गया। आगे बढ़ते हुए श्री महावीर स्वामी गंज मंदिर में आदिनाथ भगवान का चैत्यवंदन किया गया। यात्रा का समापन आष्टा तीर्थ श्री नेमिनाथ किला मंदिर पहुंचकर हुआ, जहां श्री रायण पगलिए एवं श्री पुंडरिक स्वामीजी का चैत्यवंदन संपन्न हुआ।यात्रा के उपरांत भाता घर में भाते का लाभ जीतमलजी, हुकम, अनुराग आदि वोहरा परिवार द्वारा लिया गया। इस दौरान श्री नेमिनाथ आष्टा तीर्थाधिपति की भव्य प्रतिमा के समक्ष श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भक्ति भाव प्रकट किया। किला मंदिर के उपाश्रय में आयोजित धर्मसभा में आचार्य श्रीमद विजय हर्ष तिलक सूरीश्वरजी महाराज ने आशीर्वचन प्रदान किए। उन्होंने कहा कि अवसर्पिणी काल में धर्म का उदय प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के समय हुआ। भगवान आदिनाथ ने 1000 वर्ष की तपस्या के पश्चात सर्वप्रथम धर्म और अधर्म का उपदेश देकर मानव जीवन को नई दिशा दी, जो आज भी अनवरत रूप से प्रवाहित हो रही है।आचार्यश्री ने बताया कि मनुष्य जीव का प्रतिदिन कर्मबंधन होता है। सात प्रकार के कर्मबंध होते हैं, जिनमें आयुष कर्म का बंध जीवन में केवल एक बार होता है। उन्होंने शत्रुंजय तीर्थ को शाश्वत बताते हुए स्पष्ट किया कि वहां के मंदिर और मूर्तियां शाश्वत नहीं हैं, किंतु तीर्थ की महिमा शाश्वत है।द्वारका के उदाहरण से समझाया सृष्टि का नियमआचार्यश्री ने कहा कि जिस वस्तु का निर्माण होता है, उसका एक दिन विनाश भी निश्चित है। प्रभु श्रीकृष्ण द्वारा बसाई गई द्वारका नगरी 12 योजन चौड़ी और 9 योजन लंबी थी, किंतु व्यापन मुनि को सताने के कारण मिले श्राप से उसका अंत हो गया। इससे स्पष्ट है कि सृष्टि में सब कुछ नश्वर है।तीर्थ पाप तोड़ने के लिए, पाप बांधने के लिए नहीं है।उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश देते हुए कहा कि तीर्थ स्थान पाप तोड़ने के लिए होते हैं, वहां जाकर नए पाप कर्म का बंध न हो, इसका विशेष ध्यान रखना चाहिए। फाल्गुन सुदी तेरस को विशेष दिन बताते हुए उन्होंने छह गांव की यात्रा करने एवं यह प्रण लेने का आह्वान किया कि जमीकंद का उपयोग नहीं करेंगे, रात्रि भोजन का त्याग करेंगे तथा तीर्थ स्थान पर होटल आदि का उपयोग नहीं करेंगे। भोजनशाला का शुद्ध भोजन ग्रहण करना चाहिए। आचार्यश्री ने प्रत्येक व्यक्ति को नवाणु यात्रा अवश्य करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि नवाणु यात्रा करने वाले को नव भव के भीतर मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि दूसरों को सुधारने से पहले स्वयं को सुधारना चाहिए। जब प्रत्येक व्यक्ति स्वयं में सुधार लाएगा तो समाज और देश स्वतः सुधर जाएगा।पूरे आयोजन के दौरान नगर में धर्ममय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने भक्ति, संयम एवं आत्मकल्याण का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाज के काफी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

## मुनिश्री साध्य सागर महाराज ने दिए प्रेरक आशीष वचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में अष्टांहिका महापर्व के पावन अवसर पर आयोजित श्री नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान में रविवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और सामूहिक पूजा- अर्चना के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।विधान के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीष वचन देते हुए मुनिश्री साध्य सागर मुनिराज ने कहा कि आष्टा का यह किला मंदिर सम्मेद शिखरजी और कुंडलपुर जैन तीर्थ जैसे पावन तीर्थों से कम नहीं है। यहाँ समाधि सम्राट मुनि श्री भूतबली सागर महाराज सहित अनेक साधु-संतों और साध्वियों की कठोर तपस्या की ऊर्जा समाहित है। इस तपोभूमि पर निरंतर विधान, पूजन और धर्म आराधना होना समाज के पुण्योदय का ही परिणाम है।मुनिश्री ने कहा कि व्यक्ति को सदैव शुद्ध और सकारात्मक भाव रखना चाहिए। कभी किसी के प्रति दुर्भाव न रखें। जितना हम दूसरों के कल्याण के लिए सोचते और करते हैं, उतना ही परमात्मा हमारे जीवन में सुख-शांति और समृद्धि प्रदान करते हैं। सामूहिक पूजा-अर्चना का विशेष महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि अष्टांहिका महापर्व में किया गया प्रत्येक पुण्यकर्म कई गुना फलदायी होता है। सामूहिक धर्म आराधना से समाज में एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है। विधान के दौरान श्रद्धालुओं ने विधि-विधानपूर्वक पूजन, अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न की।